पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने नववर्ष की बधाई दी
राज्यपाल ने राजभवन में नववर्ष की बधाई का आदान-प्रदान किया

लखनऊः 01 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने फोन कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

राजभवन में लोकायुक्त श्री एन0के0 मेहरोत्रा, राजस्व परिषद के अध्यक्ष श्री ए0के0 गुप्ता, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, मुख्य सूचना आयुक्त श्री जावेद उस्मानी, राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री एस0के0 अग्रवाल, आर्मी कमाण्डर जनरल बी0एस0 नेगी, नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सांसद श्री कौशल किशोर, पूर्व सांसद श्री जफर अली नकवी, प्रमुख सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव विधान सभा श्री पी0के0 दुबे, प्रबन्ध निदेशक (लखनऊ मेट्रो) श्री कुमार केशव सहित अन्य विभागों के प्रमुख सचिव एवं सचिवगण, जिलाधिकारी लखनऊ श्री राजशेखर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लखनऊ श्री राजेश पाण्डेय, विश्वविद्यालयों के कुलपति, संस्थानों के निदेशक, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, पत्रकारगण, अनेक कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी, छात्र-छात्रायें तथा गणमान्य नागरिकों आदि ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें नववर्ष की बधाई दी।

श्री नाईक ने सभी का स्वागत करते हुए नये साल की बधाई दी कि नया वर्ष सभी के लिये सुख, समृद्धि और समाधान लेकर आये। उन्होंने आज के अवसर पर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का आह्वान किया। नये वर्ष में हम यह विचार करें कि बीते वर्ष में यदि कोई कमी रह गई हो तो नये उत्साह के साथ उसे चुनौती मानते हुए इस वर्ष पूरा करने की कोशिश करें। उन्होंने प्रदेश एवं देश के विकास के लिये नई सोच विकसित करने पर जोर दिया।

इससे पूर्व राज्यपाल ने राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट की तथा उन्हें व उनके परिजनों को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर तथा सचिव श्री राज्यपाल श्री चन्द्र प्रकाश भी उपस्थित थे।

M R MALVE

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल
16 श्री मोतीलाल वोरा 25-05-1993 - 03-05-1996
17 श्री मो. शफ़ी कुरैशी 03-05-1996 - 19-07-1996
18 श्री रोमेश भण्डारी 19-07-1996 - 17-03-1998
19 श्री मो. शफ़ी कुरैशी 17-03-1998 - 19-04-1998
20 श्री सूरज भान 20-04-1998 - 23-11-2000
21 श्री विष्णुकान्त शास्त्री 24-11-2000 - 03-07-2004
22 श्री सुदर्शन अग्रवाल 03-07-2004 - 08-07-2004
23 श्री टी. वी. राजेस्वर 08-07-2004 - 27-07-2009
24 श्री बी. एल. जोशी 28-07-2009 - 23-06-2014
25 डॉ.अज़ीज़ कुरैशी 23-06-2014 - 22-07-2014
26 श्री राम नाईक 22-07-2014 - वर्तमान मे